# उद्देश्यपूर्ण शिक्षा से ही समाज में रचनात्मक बदलाव होगा -- सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी

लखनऊ, 31 मार्च। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजेन्द्र प्रथम कैम्पस द्वारा डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' का भव्य आयोजन आज सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। सी.एम.एस. संस्थापिका–निदेशिका डा. भारती गाँधी ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत् उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में डा. भारती गाँधी ने कहा कि उद्देश्यपूर्ण शिक्षा से ही समाज में रचनात्मक बदलाव होगा। शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन के एक प्रभावशाली उपकरण के रूप में प्रयोग करने का समय अब आ गया



है। शिक्षा का तात्पर्य मात्र किताबी ज्ञान प्रदान करना ही नहीं है अपितु भावी पीढ़ी को ऐसे विचार प्रदान करने की आवश्यकता है कि वे मानवता के उत्थान व विकास में अपनी ऊर्जा को खपा सकें।

इस अवसर पर अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने कहा कि स्कूल से न केवल भौतिक ज्ञान मिलना चाहिए बल्कि चरित्र निर्माण के लिए जीवन मूल्यों की शिक्षा भी मिलनी चाहिए। प्रो. किंगडन ने सी.एम.एस. की अनूठी 'ब्राडर एण्ड बोल्डर शिक्षा पद्धति' की चर्चा की जिसमें भविष्य में एक आदर्श वैश्विक समाज बनाने पर ध्यान दिया जाता है। इस भव्य समारोह में न सिर्फ विद्यालय के छात्रों ने अपितु माताओं ने भी बड़े उत्साह से भागीदारी की और गीत–संगीत के कार्यक्रमों में प्रतिभागिता कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया तथापि डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' के माध्यम से विद्यालय की गतिविधियों में अभिभावकों को साझीदार बनाने के सी.एम.एस. के प्रयास को सफल बना दिया। इस अवसर पर वार्षिक परीक्षा, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, साँस्कृतिक कार्यक्रमों व खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाने छात्रों को पुरष्कृत कर सम्मानित किया गया।

अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए सी.एम.एस. राजेन्द्र नगर प्रथम कैम्पस की प्रधानाचार्या श्रीमती जयश्री कृष्णन ने कहा कि अच्छी शिक्षा से अच्छे समाज का निर्माण होता है। घर एवं विद्यालय का सुसंस्कारित व शान्त वातावरण बालक को संतुलित व्यक्तित्व प्रदान कर सकता है और बालक को जीवन की सही राह दिखा सकता है।

# विश्व की नं. 3 रैंकिंग स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में सी.एम.एस. छात्र का चयन

लखनऊ, 1 अप्रैल। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, महानगर कैम्पस के मेधावी छात्र मृदुल यादव ने विश्व की अत्यन्त प्रतिष्ठित स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी, अमेरिका में कम्प्यूटर साइंस की उच्चशिक्षा हेतु चयनित होकर लखनऊ का नाम अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर गौरवान्वित किया है। क्वालिटी एजूकेशन के क्षेत्र में स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी को विश्व की नं. 3 रैंकिंग का दर्जा प्राप्त है, जिसमें उच्चशिक्षा हेतु चयनित होना गौरव की बात है। मृदुल ने यह अभूतपूर्व उपलब्धि अपने अपने ज्ञान–विज्ञान, मेधात्व व शैक्षणिक उत्कृष्टता के दम पर अर्जित की है तथापि इस सफलता का श्रेय विद्यालय के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। सी.एम.एस. प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. छात्र की इस अभूतपूर्व सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। प्रो. किंगडन ने विद्यालय की प्रधानाचार्या व शिक्षकों का भी आभार व्यक्त किया। सी.एम.एस. एस.ए.टी. (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है।



प्रतिवर्ष भारी संख्या में सी.एम.एस. छात्र विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में उच्चशिक्षा हेतु चयनित होते हैं। इस वर्ष अभी तक सी.एम.एस. के 75 से अधिक छात्रों ने ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों जैसे कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी, कैलीफोर्निया इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (कैलटेक), मैसाचुसेट्स इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एम.आई.टी.), स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी, कार्नेल यूनिवर्सिटी, मेलबर्न यूनिवर्सिटी एवं नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर आदि में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का नाम रोशन किया है।

# नबोदय परीक्षा में सफल होने पर बच्चो को किया संम्मानित

झांसी। के सी जैन मेमोरियल पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा के अंक पत्र वितरित का आयोजन हुआ जिंसमे मेघावी बच्चों को विद्यालय प्रवन्ध समिति द्वारा संम्मानित किया गया।वहीं विद्यालय के दो बच्चों का नबोदय परीक्षा में कु कशिश पुत्री दीपक कुमार व वंश प्रताप सिंह पुत्र विजय विक्रम सिंह का चयन होने पर विद्यालय के प्रवन्धक प्रकाश चन्द्र जैन एवं प्रधानाचार्य राजेश मसीह जीतू सर,संजीव सर,संचिन सर ने दोनों बंच्चो को मिठाई खिलाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर प्रोत्साहित किया इसके अलावा विद्यालय की वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने पर छात्र छात्राओं को विद्यालय प्रवन्ध समिति द्वारा संम्मानित किया गया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की इस मौके पर प्रिंस जैन, राजा चौहान,सन्दीप श्रीवास्तव,कुलदीप खरे, मिलाप जैन, कुलदीप नीखरा, कपिल तिवारी,अवधेश खरे आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहें।



# होली का रंगारंग कार्यक्रम सप्तरंग मनाया गया - विनीता श्रीवास्तव

झांसी! जेसीआई क्वीन ऑफ झांसी के तत्त्वधान में चार्टर प्रेसिडेंट बेबी नाज तथा प्रेसिडेंट विनीता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में होली का रंगारंग कार्य क्रम सप्तरंग मनाया गया जिसमें हाउजी गेम, ग्रुप गेम तथा पंक्चुअलिटी गेम खेले गए, होली के मधुर गानों पर सभी सदस्य जमकर थिरके.. इस अवसर पर चार्टर प्रेसिडेंट बेबी नाज, पचच मीनू चावला, प्रेसिडेंट विनीता श्रीवास्तव, रश्मि श्रीवास्तव, मीना रायक्वं, रश्मि दीक्षित, प्रीति शक्यवार, ज्योति, कविता जैन, सारिका जैन, निधि जैन, स्वीटी जैन, रश्मि जैन, मोनिका सिंह, सीमा श्रीवास्तव, अंजलि अग्रवाल नैंसी अग्रवाल, रंजना वर्मा, मंजु सरावगी आदि उपस्थित रहीं अंत में सचिव संजना जैन ने सबका आभार व्यक्त किया..



# वरिष्ठ महिलाओं का सम्मान एवं होली मिलन समारोह आयोजन किया

झांसी! अग्रवाल जागृति मंच के तत्वाधान में श्रीमती बबीता गर्ग की अध्यक्षता में समाज की वरिष्ठ महिलाओं का सम्मान एवं होली मिलन समारोह आयोजन किया गया बड़े बुजुर्ग एक पेड़ के समान है जो शीतल छाया प्रदान करते हैं पंक्तियों को चरितार्थ करते हुए मंच की सदस्यताओं द्वारा चांदी की चौन की माला एवं पुटका पहनकर वरिष्ठ महिलाओं का सम्मान किया गया सब रूपों में श्रीमती पल्लवी एवं प्राची ने मनमोहन रासलीला प्रसिद्ध प्रस्तुत की महिलाओं के लिए मेरी दादी नानी सुपरस्टार प्रतियोगिता रखी गई जिसमें प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर इनाम घोषित किया सम्मानित अतिथियों में श्रीमती अंबिका देवी अग्रवाल श्रीमती मनी देवी श्रीमती राधा देवी श्रीमती सत्या श्रीमती कैलाश्वरी श्रीमती सुशीला देवी श्रीमती कृष्णा श्रीमती निर्मला श्रीमती सुमन लता श्रीमती मुन्नी देवी श्रीमती कुसुम श्रीमती लता श्रीमती शकुंतला श्रीमती सुशीला एवं श्रीमती मुन्नी देवी का सम्मान किया गया इस अवसर पर श्रीमती विनीता नीलम अलका रेनू सुबर अग्रवाल सुनीता तारा सरिता इंदिरा सुनीता ममता सविता रश्मि आरती निशा माया रीना शिल्पी अंजू सपना अर्चना करुणा सरिता रेनू शोभा पारुल पिंकी आदि उपस्थित रही महामंत्री श्रीमती ममता जैन ने आभार व्यक्त किया



# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के तत्वाधान में हुआ होली मिलन समारोह

झांसी! गुरसराय ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन गरौठा में जिला अध्यक्ष अभिनंदन जैन के मार्गदर्शन में हुआ भव्य होली मिलन समारोह। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर अरुण कुमार मिश्रा ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए सरस्वती माता की प्रतिमा पर पुष्प और दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप बालादीन राठौर एवं ग्राम प्रधान नरेंद्र सिंह परिहार, प्रवेंद्र सिंह चौहान, चंद्रभान सिंह परमार, संजय राजा परमार, मनोज यादव मौजूद रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर अरुण कुमार मिश्रा ने कहा की पत्रकार देश का चौथा स्तंभ हैं और पत्रकारता क्षेत्र में इस तरह के कार्यक्रम सार्वजनिक रूप से भाईचारा और प्रेम भावना का संदेश देने का काम करते हैं उन्होंने कहा इस तरह के कार्यक्रमों से आपसी मतभेद दूर होते हैं वहीं ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बुंदेला ने अपने संगठन के प्रति एकजुट रहने तथा संगठन के प्रति कार्य करने की बात कही। वही इस कार्यक्रम के मौके पर पत्रकार सुरेंद्र तिवारी एवं विमल तिवारी को नगर अध्यक्ष प्रदीप शर्मा द्वारा ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की सदस्यता दिलाई गई। कार्यक्रम में सभी ने फूलों से होली खेलते हुए सभी का तिलक लगाकर होली मिलन समारोह मनाया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने फल मिष्ठान खाकर एक दूसरे को होली की बधाइयां दी कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र यादव एवं सभी का आभार व्यक्त राजीव परमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम के इस मौके पर गरौठा गुरसराय क्षेत्र के सभी पत्रकार साथी मौजूद रहे।



# जिला कृषि रक्षा अधिकारी द्वारा फाल आर्मी वर्म की पहचान एवं प्रबन्धन हेतु एडवाइजरी जारी

झांसी! जिला कृषि रक्षा अधिकारीधजिला कृषि अधिकारी श्री के0के0सिंह ने जनपद के समस्त किसानों को मक्का,बाजरा,धान,गेहूं तथा गन्ना आदि फसलों को हानी पहुँचाने वाले फॉल आर्मी वर्म की पहचान एवं प्रबंधन हेतु एडवाइजरी जारी की जिला कृषि रक्षा अधिकारी श्री के0के0सिंह ने जनपद के समस्त किसानों को फॉल आर्मी वर्म की जानकारी देते हुए बताया कि यह कीट बहुभोजीय तथा मक्का,बाजरा, धान,गेहूं तथा गन्ना सहित अन्य फसलों को हानि पहुंचा सकता है। उन्होंने किसानो को बताया की अपनी फसल को सुरक्षित रखने के लिए जो महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी जा रही हैं, उसे आत्मसात करते हुए उसका नियम से पालन सुनिश्चित करें ताकि फसल को सुरक्षित रखा जा सके जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया कि यह एक बहुभोजीय कीट है,जिसके कारण अन्य फसलों जैसे–मक्का, बाजरा, धान, गेहूँ, तथा गन्ना आदि फसलों को हानि पहुँचा सकता है इसके अतिरिक्त देर से बुवाई एवं संकर किस्में इस कीट के प्रकोप हेतु संवेदनशील है। उन्होंने किसानों को फॉल आर्मी वर्म की पहचान एवं लक्षण बताते हुए कहा कि –इस कीट की मादा ज्यादातर पत्तियों के निचलें सतह पर अण्डे देती है, कभी–कभी पत्तियों की ऊपरी सतह एवं तनों पर भी अण्डे देती है इसकी मादा एक से ज्यादा पर्त मे अण्डे देकर सफेद झाग से ढक देती है। इसके अण्डे धूसर से हरे व भूरे रंग के होते है। फाल आर्मी वर्म का लार्वा भूरा, धूसर रंग का होता है। जिसके शरीर के साथ अलग से ट्यूबरकल दिखता है इस कीट के लार्वा अवस्था में पीठ के नीचे तीन पतली सफेद धारिया और सिर पर एक अलग सफेद उल्टा अंग्रेजी शब्द का वाई (ल) दिखता है। इसके शरीर के दूसरे अन्तिम खण्ड पर वर्गाकार चार बिन्दु दिखाई देते है तथा अन्य खण्ड पर चार छोटे–छोटे बिन्दु समलम्ब आकार में व्यवस्थित होते है।

# वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और लोकसभा प्रत्याशी व भाजपा सांसद अरुण सागर ने शाहजहांपुर की विभिन्न विधानसभाओं में किया लोकसभा चुनाव कार्यालय उद्घाटन

आकाश सक्सेना शाहजहांपुर रूरविवार को वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना शाहजहांपुर पहुंचे। लोकसभा प्रत्याशी व भाजपा सांसद अरूण सागर ने समर्थकों के साथ उनके मुलाकात की। उसके बाद वित्त मंत्री और लोकसभा प्रत्याशी अरुण ने कटरा विधानसभा, जलालाबाद विधानसभा और तिलहर विधानसभा में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के दौरान तमाम स्थानीय नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि, पांच साल पहले अरुण सागर की जीत दिलाने के लिए कार्यकर्ताओं ने पूरी इमानदारी के साथ क्षेत्र में जा जाकर जनता से वोट देने की अपील की थी। उसका नतीजा ये था कि, जनता ने अरूण सागर को सांसद के रूप में अपना नेता चुना था। उसके बाद जिले में विकास कार्य की गंगा बहाई गई। एक बार फिर से वही समय आ गया है। पार्टी ने अरुण सागर पर भरोसा जताते हुए शाहजहांपुर का लोकसभा प्रत्याशी बनाया है ।इस बार इतनी मेहनत करना है कि, पिछली बार से ज्यादा मत हासिल कर दूसरी बार अरुण सागर को सांसद बनाना है।



नहीं लोकसभा प्रत्याशी व भाजपा सांसद अरुण सागर ने क्षेत्रीय नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि, पांच साल तक जनता ने सेवा करने का मौका दिया। उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने की पूरी कोशिश की है। उन्होंने कहा कि, गंगा एक्सप्रेस–वे शाहजहांपुर जनपद के 41 गावों से होकर गुजरेगा, जिससे इस शाहजहांपुर क्षेत्र की उत्तराखंड एवं आसपास के जिलों में कनेक्टिविटी बेहतर हो पाएगी। सांसद अरुण सागर ने कहा कि, जिले के विभिन्न नदियों समेत रेलवे क्रासिंग पर करीब 80 करोड़



रुपये की लागत से चार बड़े पुल बनवाए गए हैं। पांच के दौरान तमाम उन योजनाओं गरीब जनता के लिए धरातल पर लाएं हैं। जिसका लाभ शाहजहांपुर की जनता को मिल रहा है। उन्होंने जनता से अपील है कि, इस बार लोकसभा चुनाव में जीत पिछली बार ज्यादा मतों से जीत दिलाए ताकि, अधूरे विकास कार्य को भी जल्द पूरा कराया जा सके।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, मा0 विधायक हरिप्रकाश वर्मा,विधायक वीर विक्रम सिंह 'प्रिंस', विधायक श्रीमती सलोना कुशवाहा, महापौर श्रीमती अर्चना वर्मा, लोकसभा प्रभारी रामगोपाल मिश्रा, लोकसभा संयोजक अरूण गुप्ता, लोकसभा सह–संयोजक शरदवीर सिंह, चेयरमैन कलान हरि नारायण गुप्ता, डीसीबी चेयरमैन डीपीएस राठौर, पूर्व अध्यक्ष जि0पं0धविधानसभा संयोजक अजय प्रताप सिंह यादव, विधानसभा प्रभारी प्रशांत पटेल, विधानसभा संयोजक रमाकान्त मिश्रा, जिला महामंत्री अनिल गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार मंगलम, जिला मंत्री छोटे लाल लोधी सभी सम्मानित मण्डल अध्यक्षगण, ब्लॉक प्रमुखगण पार्टी पदाधिकारियों एवं सम्मानित क्षेत्रवासियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# सोनी समाज ने बनाया वार्षिक शेल महोत्सव

मथुरा सोनी समाज युवा समिति रजि मथुरा के तत्वाधान मे वार्षिक शेल महोत्सव (ह्लडा) का आयोजन ठा. गरूड गोविन्द महाराज जी के मंदिर छटिकरा पर किया गया समिति के अध्यक्ष बॉबी वर्मा ने बताया की इस कार्यक्रम का आयोजन समाज के लोगो के मेल जोल के लिए किया जाता है। वही जानकरी देते हुए अखिल भारतीय स्वर्णकार जन जागृति एसोसिएशन के युवा प्रदेश अध्यक्ष सौरभ वर्मा ने कहा कि कार्यक्रम मे शर्वप्रथम ठा. गरूड गोविन्द महाराज जी की पूजा अर्चना व अभिषेक किया जाता है फिर भोग लगाने के बाद विशाल भंडारा शुरू होता है। इस कार्यक्रम मे 3 से 4 हजार स्वजातीय स्वर्णकार भाई बन्दु आते हैं कार्यक्रम मे नितिन सोनी, राजेश सोनी(बाबा),सोनू वर्मा, उमेश सोनी,प्रदीप सोनी,सुनील वर्मा,नारायन दास वर्मा,ओमप्रकाश वर्मा(पलसो वाले)सुजीत वर्मा,कृष्ण मुरारी वर्मा,विष्णु सोनी,राहुल सोनी,,दीपक सभासद,अनिल ढ़ोल वाले,राजीव वर्मा,राकेश वेरी वाले, अरविंद वर्मा,मुकेश सोनी, चिराग सोनी, विवेक सोनी, निलेश वर्मा, श्याम सुंदर सोनी, रोहित वर्मा, सोहन सोनी,रोहित सोनी,विवेक सोनी,चन्द्रेश सोन आदि प्रमुख रुप से मोजूद रहै!



# एक हश्र जहां में है बरपा उठता है जनाजा हैदर का

करारी, कौशाम्बी(आरएनएस)। माहे रमजान की 21 वीं तारीख आलमे इंसानियत के लिए कयामत की तारीख से कम नहीं है। यह वही तारीख है कि आज ही के दिन मुसलमानों के खलीफा और रसूले अकरम के दामाद हजरत अली की 19 रमजान को सजदे की हालत में सर पर अब्दुर्रहमान इब्ने मुल्जिम ने तलवार से वार कर जख्मी कर दिया था। उसी जख्म की वजह से आपकी 21 रमजान को शहादत हो गई थी। उसी शहादत की याद में तीन दिन से मुसलसल जनपद में मजलिसें आयोजित कर उनके चाहने वाले नौहा व मातम में मसरूफ हैं। सोमवार को जिले भर में मौला अली अलैहिस्सलाम की शहादत की याद को लेकर उनके चाहने वालों ने विभिन्न स्थानों पर मजलिसें आयोजित कर ताबूत निकाला। इस बीच अजादार या अली मौला हैदर मौला पढ़ते मातम कर रहे थे। करारी कस्बे के चमनगंज मोहल्ला स्थित बारगाहे मौला अली से भी हजरत अली अलैहिस्सलाम का ताबूत बरामद हुआ। अजादारों ने नम आंखों से ताबूत की ज्यारत कर ताबूत को रुखसत किया। पहला नौहा हसन अब्बास और महमूद अली ने पढ़ा–हसन उड़ाते हैं खाक सर पर हुसैन आंसू बहा रहे हैं। यतीम होकर नबी के प्यारे पदर की मय्यत उठा रहे हैं। इस नौहे पर नवजवानों ने जमकर मातम किया। जुलूस आगे बढ़ा तो नजफी ने दूसरा नौहा पढ़ा–एक हश्र जहां में है बरपा उठता है जनाजा हैदर का, हैं जिन्नो मलक मसरूफे बुका उठता है जनाजा हैदर का।

# पाकिस्तान की अदालत ने तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में इमरान, उनकी पत्नी की सजा निलंबित की

इस्लामाबाद।

देश में आम चुनाव से कुछ दिन पहले तोशाखाना से मिले सरकारी उपहारों में कथित भ्रष्टाचार के लिए जवाबदेही अदालत ने 31 जनवरी को दोनों को 14–14 साल जेल की सजा सुनायी थी। दोनों ने सजा को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती दी, जहां मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक के नेतृत्व वाली दो सदस्यीय पीठ ने मामले की सुनवायी की। इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को तब एक बड़ी राहत मिली जब एक उच्च न्यायालय ने तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में उन्हें और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को दी गयी 14 साल की सजा सोमवार को निलंबित कर दी। देश में आम चुनाव से कुछ दिन पहले तोशाखाना से मिले सरकारी उपहारों में कथित भ्रष्टाचार के लिए जवाबदेही अदालत ने 31 जनवरी को दोनों को 14–14 साल जेल की सजा सुनायी थी। दोनों ने सजा को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती दी, जहां मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक के नेतृत्व वाली दो सदस्यीय पीठ ने मामले की सुनवायी की। सोमवार को, इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने मामले में दंपति की सजा को निलंबित करके और उन्हें जमानत देकर अस्थायी राहत दी। हालांकि अदालत ने घोषणा की कि दोषसिद्धि के खिलाफ उनकी अपील पर सुनवायी अगले महीने ईद की छुट्टियों के बाद की जाएगी। हो सकता है कि खान को रिहा नहीं किया जाए क्योंकि उन्हें अन्य मामलों में दोषी ठहराया गया है और उनमें आरोपों से मुक्त होने तक उन्हें रिहा नहीं किया जा सकता। इसी तरह, बुशरा को भी एक अन्य मामले में दोषी ठहराया गया है और हो सकता है कि उनकी सजा निलंबित होने के बाद भी उन्हें रिहा नहीं किया जाए। ोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में, 71 वर्षीय खान पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री



के तौर पर अपने कार्यकाल के दौरान मिले महंगे सरकारी उपहारों को अपने पास रखने का आरोप है। तोशाखाना संबंधी नियमों के तहत सरकारी अधिकारी कीमत चुकाकर उपहार रख सकते हैं लेकिन पहले उपहार तोशाखाना में जमा किया जाना चाहिए। खान और उनकी पत्नी या तो उपहार जमा करने में विफल रहे या कथित तौर पर अपने अधिकार का उपयोग करके इसे कम कीमत पर हासिल किया। तीस जनवरी को सिफर मामले में 10 साल की सजा सुनाये जाने के एक दिन बाद तोशाखाना मामले में खान को दोषी ठहराया गया था। इससे पहले, उन्हें अगस्त 2023 में तोशाखाना के एक अलग मामले में भी दोषी ठहराया गया था, जिसके कारण उन्हें गिरफ्तार किया गया था। नवीनतम दोषसिद्धि प्रधानमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्हें या उनके जीवनसाथी को मिले उपहारों को रखने के लिए अपने अधिकार का दुरुपयोग करने के आरोप पर आधारित थी। यह राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो द्वारा दायर किया गया था। अप्रैल 2022 में सत्ता गंवाने के बाद से खान को अब तक चार अलग–अलग मामलों में दोषी ठहराया गया है। उन्हें तोशाखाना के दोनों मामलों में जमानत मिल गई है।

# इमरान खान और बुशरा बीबी को कोर्ट से मिली बड़ी राहत, सजा पर लगी रोक

इस्लामाबाद यह फैसला 8 फरवरी के आम चुनाव से आठ दिन पहले आया है, जिसे इमरान की पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) राज्य की सख्ती के बीच और बिना चुनावी चिह्न के लड़ रही है। जवाबदेही न्यायाधीश मोहम्मद बशीर ने रावलपिंडी की अदियाला जेल में सुनवाई की, जहां इमरान वर्तमान में कैद हैं। दंपति को 10 साल तक किसी भी सार्वजनिक पद पर रहने से रोक दिया गया और 787 मिलियन रुपये का जुर्माना लगाया गया। उच्च न्यायालय (आईएचसी) ने सोमवार को तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में पाकिस्तान के पूर्व प्रधान मंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी की 14 साल की सजा को निलंबित कर दिया। दोनों को जवाबदेही अदालत ने आम चुनाव से कुछ दिन पहले 31 जनवरी को सजा सुनाई थी और श्गैर–इस्लामिकश विवाह मामले में सात साल की सजा भी सुनाई गई



थी। राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने पिछले साल दिसंबर में इमरान और उनकी पत्नी के खिलाफ सऊदी क्राउन प्रिंस से प्राप्त एक आभूषण सेट को कम मूल्यांकन के बावजूद अपने पास रखने के लिए मामला दर्ज किया था। यह फैसला 8 फरवरी के आम चुनाव से आठ दिन पहले आया है, जिसे इमरान की पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) राज्य की सख्ती के बीच और बिना चुनावी चिह्न के लड़ रही है। जवाबदेही न्यायाधीश मोहम्मद बशीर ने रावलपिंडी की अदियाला जेल में सुनवाई की, जहां इमरान वर्तमान में कैद हैं। दंपति को 10 साल तक किसी भी सार्वजनिक पद पर रहने से रोक दिया गया और 787 मिलियन रुपये का जुर्माना लगाया गया। पाकिस्तान के भ्रष्टाचार विरोधी निगरानीकर्ता ने आरोप लगाया कि पीएम के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, इमरान खान और उनकी पत्नी को विभिन्न राष्ट्राध्यक्षों और विदेशी गणमान्य व्यक्तियों से कुल 108 उपहार मिले थे। उन उपहारों में से उन्होंने कथित तौर पर 142 मिलियन रुपये से अधिक की कम कीमत पर 58 उपहार अपने पास रख लिए। एनएबी द्वारा दायर संदर्भ केवल सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से प्राप्त ग्रेफ आभूषण सेट से संबंधित है और उपर्युक्त आरोपी व्यक्तियों द्वारा अत्यधिक कम मूल्यांकन के बावजूद इसे बरकरार रखा गया है। सितंबर 2020 के पत्र के माध्यम से उप सैन्य सचिव द्वारा कैबिनेट डिवीजन के तोशखाना को उपहार की सूचना दी गई थी, लेकिन इसे सही और पारदर्शी मूल्यांकन के लिए उपहारों की स्वीकृति और निपटान 2018 की प्रक्रिया के अनुसार जमा नहीं किया गया था। ताजा दोषसिद्धि प्रधानमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्हें या उनके जीवनसाथी को मिले उपहारों को रखने के लिए अपने अधिकार का दुरुपयोग करने के आरोप पर आधारित थी। यह राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो द्वारा दायर किया गया था। अप्रैल 2022 में सत्ता गंवाने के बाद से खान को अब तक चार अलग–अलग मामलों में दोषी ठहराया गया है। उन्हें तोशाखाना के दोनों मामलों में जमानत मिल गई है।

# चीन का नया कांड, भारत ने भी एलएसी पर कर दिया खेल

चीन का पलटवार करने के लिए भारत भी खुद को और भी मजबूत बना रहा है। भारत भी लगातार कुछ सालों से चीन से लगी सीमा पर नए बुनियादी ढांचे का निर्माण तेजी से कर रहा है। जिनमें से अधिकांश अब पूरा होने की कगार पर है। पिछले हफ्ते बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन (बीआरओ) ने महत्वपूर्ण एनफीडी सड़क को जोड़ने का काम पूरा कर लिया है। सीमा पर चीन अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। एक तरफ वो अरुणाचल प्रदेश को लेकर बवाल कर रहा है तो दूसरी तरफ सीमा पर लगातार उसका निर्माण कार्य भी जारी है। चीन ने अरुणाचल को फिर से अपना हिस्सा बताने की हिमाकत की है। अरुणाचल प्रदेश के 30 जगहों के चाइनीज नाम जारी किए गए हैं। भारत चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश में स्थानों का नाम बदलने को खारिज



करता रहा है, यह कहते हुए कि राज्य देश का अभिन्न अंग है और ष्आविष्कृतष नाम निर्दिष्ट करने से इस वास्तविकता में कोई बदलाव नहीं आता है। चीनी नागरिक मामलों के मंत्रालय ने जंगनान में मानकीकृत भौगोलिक नामों की चौथी सूची जारी की, जो अरुणाचल प्रदेश का चीनी नाम है, जिसे बीजिंग दक्षिण तिब्बत के हिस्से के रूप में दावा करता है। चीन का पलटवार करने के लिए भारत भी खुद को और भी मजबूत बना रहा है। भारत भी लगातार कुछ सालों से चीन से लगी सीमा पर नए बुनियादी ढांचे का निर्माण तेजी से कर रहा है। जिनमें से अधिकांश अब पूरा होने की कगार पर है। पिछले हफ्ते बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन (बीआरओ) ने महत्वपूर्ण एनफीडी सड़क को जोड़ने का काम पूरा कर लिया है। जिससे पूरे भारत से लद्दाख के लेह तक पहुंचने का एक नया और तेज रास्ता उपलब्ध हो गया है। 298 किलोमीटर की ये सड़क लद्दाख के लिए तीसरा मार्ग बनाती है जो मौजूदा दो उपलब्ध मार्गों से छोटा है। लद्दाख के अन्य दो उपलब्ध मार्ग श्रीनगर, दार्श, कारगिल, एनएच1डी राजमार्ग हैं। जो 11575 फीट ऊंचे जोजिला दर्र से होकर गुजरता है। जोखिम भरा मनाली सरचुलेह राजमार्ग भारी बर्फबारी और लैंड स्लाइड्स की वजह से आम तौर पर हर सर्दियों में 6 महीने के लिए बंद हो जाते हैं। बता दें कि चीन अरुणाचल प्रदेश को 'जंगनान' कहता है और दक्षिण तिब्बत के हिस्से के रूप में इस राज्य पर अपना दावा करता है। मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर क्षेत्र के लिए 30 अतिरिक्त नाम पोस्ट किए गए। यह सूची एक मई से प्रभावी होगी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि अनुच्छेद 13 के अनुसार, इस घोषणा के क्रियान्वयन में कहा गया है कि "चीन के क्षेत्रीय दावों और संप्रभुता अधिकारों को नुकसान पहुंचा सकने वाले विदेशी भाषाओं में रखे गए, स्थानों के नामों को बिना प्राधिकार के सीधे उद्धृत या अनुवादित नहीं किया जाएगा।

# दोस्त भारत के लिए बाइडेन ने दिया खास निर्देश, वीजा को लेकर अमेरिकी दूत गार्सेटी ने किया खुलासा

एरिक गार्सेटी ने एक साक्षात्कार में समाचार एजेंसी एएनआई को बताया कि राष्ट्रपति ने मुझसे भारत में वीजा प्रतीक्षा समय कम करने के लिए कहा। मेरा मानना घ्छ्है कि यह पहली बार है कि किसी राष्ट्रपति ने किसी देश में किसी राजदूत से ऐसा कहा है। गार्सेटी ने बताया कि वीजा बैकलॉग समस्या का एक हिस्सा कांग्रेस द्वारा बनाए गए कानूनों के कारण है।भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने साझा किया कि राष्ट्रपति जो बाइडेन ने उन्हें भारत में अमेरिकी वीजा के लिए प्रतीक्षा समय में कटौती करने का निर्देश दिया है। दूत ने कहा, यह पहली बार है जब किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने किसी देश के राजदूत को ऐसा निर्देश दिया है। अमेरिकी वीजा के लिए भारत में प्रतीक्षा



समय 250 दिन है। एरिक गार्सेटी ने एक साक्षात्कार में समाचार एजेंसी एएनआई को बताया कि राष्ट्रपति ने मुझसे भारत में वीजा प्रतीक्षा समय कम करने के लिए कहा। मेरा मानना घ्छ्है कि यह पहली बार है कि किसी राष्ट्रपति ने किसी देश में किसी राजदूत से ऐसा कहा है। गार्सेटी ने बताया कि वीजा बैकलॉग समस्या का एक हिस्सा कांग्रेस द्वारा बनाए गए कानूनों के कारण है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अमेरिकी कांग्रेस को वैध आप्रवासियों, ग्रीन कार्ड और नागरिकता के मुद्दों से निपटने की जरूरत है। गार्सेटी ने कहा कि वीजा प्रतीक्षा समय में 75: की कमी आई है। यूएस ब्यूरो ऑफ कॉन्सुलर अफेयर्स की सहायक सचिव रेना बिटर के अनुसार पिछले साल, भारत में दूतावास ने 1.4 मिलियन वीजा संसाधित किए, प्रत्येक वीजा श्रेणी में अविश्वसनीय संख्या में विस्फोट। यात्रा के एक क्षेत्र को छोड़कर जहां अभी भी कुछ प्रतीक्षा समय है और वह है लोग यात्रा के लिए यात्रा कर रहे हैं, वहां कोई प्रतीक्षा समय नहीं है। अमेरिकी वीजा के लिए प्रतीक्षा समय में कमी पिछले वर्ष की तुलना में भारत में वीजा देने में 60: की वृद्धि से जुड़ी है। यह एक विधायी मुद्दा है जिसे कांग्रेस को निपटाने की जरूरत है, चाहे वह वैध आप्रवासियों की संख्या हो, ग्रीन कार्ड हो, या नागरिकता हो। किसी भी देश की तरह, सीमाएं हैं। यह भारतीयों के लिए निराशाजनक हो सकता है, क्योंकि ऐसे कई लोग हैं जो अमेरिका आना चाहते हैं गार्सेटी ने एएनआई को बताया, पिछले साल भारत में छात्र वीजा की संख्या सबसे अधिक थी, जो दूसरे सबसे बड़े देश की तुलना में दोगुनी थी।

# अब मिलकर होगा आतंकवादियों पर प्रहार, रूस ने हमले के बाद भारत से मांगी मदद

22 मार्च को सशस्त्र आतंकवादियों ने मॉस्को में क्रोकस कॉन्सर्ट में गोलीबारी और बम विस्फोटों के माध्यम से अराजकता फैलाई, जिसमें 130 से अधिक लोगों की जान चली गई। रूसी दूत ने भारत और अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय और बहुपक्षीय रूप से आतंकवाद से लड़ने के लिए रूस की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया।आतंकवाद के खिलाफ भारत ने हमेशा आवाज उठाई है। फिर चाहे वो पाकिस्तान हो या फिर कोई और देश। आतंकवाद पर भारत की जीरो टॉलरेंस पॉलिसी से कई देश वाकिफ हैं। इसी कड़ी में भारत में रूस के राजदूत डेनिस अलीपोव ने भारत और अन्य राष्ट्रों के साथ मिलकर आतंकवाद से लड़ने की बात कही हैं। हालांकि उनका बयान रूस में हुए आतंकी हमले के बाद आया है। 22 मार्च को रूस की राजधानी मॉस्को के कॉन्सर्ट हॉल में हुए दुखद आतंकवादी हमलों के बाद रूस को आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई में भारत के रूप में एक सहयोगी मिला है। यूक्रेन के विदेश मंत्री की भारत यात्रा के बीच रूसी राजदूत डेनिस अलीपोव ने आतंकवाद से लड़ने में भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की है। 22 मार्च को सशस्त्र आतंकवादियों ने मॉस्को में क्रोकस कॉन्सर्ट में गोलीबारी और बम विस्फोटों के माध्यम से अराजकता फैलाई, जिसमें 130 से अधिक लोगों की जान चली गई। रूसी दूत ने भारत और अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय और बहुपक्षीय रूप से आतंकवाद से लड़ने के लिए रूस की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। उन्होंने आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा करने में भारतीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, राजनीतिक नेताओं, मंत्रियों, अधिकारियों और सार्वजनिक कार्यकर्ताओं द्वारा दिए गए दृढ़ समर्थन को स्वीकार किया। भारत और अन्य देशों से मिले समर्थन के लिए आभार व्यक्त करते हुए, राजदूत अलीपोव ने जघन्य हमले की निंदा की और पीड़ितों, उनके परिवारों और रूसी सरकार के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की। रूस ने आतंकी हमलों के लिए यूक्रेन को जिम्मेदार ठहराते हुए हमलावरों के यूक्रेनी सीमा के पास होने की आशंका बताई है। सभी संदिग्ध ताजिकिस्तान के नागरिक थे और कथित तौर पर आईएसआईएस से जुड़े हुए थे। जहां आईएसआईएस ने जिम्मेदारी ली, वहीं रूस ने यूक्रेन की संलिप्तता का आरोप लगाया, जिससे तनाव बढ़ गया।


# पहले भारतीय साड़ियां को जलाएं, इंडिया आउट कैंपेन को लेकर विरोधियों को शेख हसीना का चैलेंज



बांग्लादेश में विपक्षी नेता भारत विरोधी भावनाओं को भड़काने की कोशिश कर रहे थे। उनके प्रयास को तब तीव्रता मिली जब भारत के साथ घनिष्ठ संबंध रखने वाली शेख हसीना ने लगातार चौथी बार चुनाव जीता। महीनों से खामोश बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना श्भारत का बहिष्कारश अभियान को लेकर विपक्ष पर हमलावर हो गई हैं। हसीना को साड़ी बहुत पसंद है और वह इसका इस्तेमाल अपने प्रतिद्वंद्वियों से मुकाबला करने के लिए कर रही हैं। हसीना और उनकी अवामी लीग पार्टी के विरोधियों ने उन्हें भारत समर्थक करार देने की कोशिश की है और दावा किया है कि भारत ने उन्हें जनवरी में हुए चुनाव जीतने में मदद की। उन्होंने बांग्लादेश के लोगों से भारतीय उत्पादों का बहिष्कार करने की अपील करते हुए एक अभियान शुरू किया। इस मुद्दे के गरमाने पर महीनों तक चुप रहने के बाद, हसीना ने बांग्लादेश की प्रमुख विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेताओं पर हमला बोला और श्भारत का बहिष्कार अभियानश की पटकथा पलट दी। जनवरी के चुनावों में भारी जीत के बाद सत्ता में आईं हसीना ने बीएनपी नेताओं को स्कूल देने के लिए विनम्र साड़ी का इस्तेमाल किया, जो सोशल मीडिया पर ष्भारतीय उत्पादों के बहिष्कारष अभियान का समर्थन कर रहे थे।हसीना ने बीएनपी पर साड़ी टेस्ट हसीना खुद साड़ियों के प्रति अपने प्रेम और उन्हें भारतीय नेताओं को उपहार में देने के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने विपक्षी नेताओं के लिए एक साड़ी परीक्षण रखा। उन्होंने साड़ी को लेकर अटैक शुरू करते हुए कहा कि जब वे अपनी पत्नियों की भारतीय साड़ियां अपने पार्टी कार्यालय के सामने जलाएंगे, तभी यह साबित होगा कि वे वास्तव में भारतीय उत्पादों का बहिष्कार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सिर्फ साड़ी टेस्ट ही नहीं, बांग्लादेशी प्रधानमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि बीएनपी नेता और उनकी पत्नियां भारत से साड़ियां खरीदकर बांग्लादेश में बेचती थीं। हसीना ने आरोप लगाया कि जब बीएनपी सत्ता में थी, मैंने उनके नेताओं की पत्नियों को समूहों में भारतीय साड़ियां खरीदने के लिए भारत आते देखा था। वे बांग्लादेश में साड़ियां बेचती थीं।

# विफल हो गए हैं नेतन्याहू... इजराइल में प्रधानमंत्री के खिलाफ सबसे बड़ा प्रदर्शन

इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने हर्निया की सर्जरी से पहले एक टेलीविजन संबोधन के दौरान शीघ्र चुनाव के आह्वान को खारिज कर दिया और चेतावनी दी कि इस तरह के कदम से संघर्ष लंबा हो जाएगा और बंधकों की रिहाई के लिए चल रही बातचीत खतरे में पड़ जाएगी। इजरायल–हमास संघर्ष की शुरुआत के बाद से इजरायल के यरूशलेम में सार्वजनिक असंतोष का सबसे बड़ा प्रदर्शन देखने को मिला। हजारों इजरायली देश के बिगड़ते राजनीतिक विभाजन को उजागर करते हुए सड़कों पर उतर आए। पिछले साल 7 अक्टूबर को संघर्ष शुरू होने के बाद से प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार के खिलाफ सबसे बड़ा विरोध प्रदर्शन करते हुए हजारों लोग यरूशलेम में एकत्र हुए। रैली में चुनाव



और बदलाव की मांग की गई, जिसमें नेतन्याहू के इस्तीफे, शीघ्र चुनाव और गाजा में अब भी मौजूद लगभग 130 इजरायली बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग की गई, जिनमें से कई के मारे जाने की आशंका है।हमास ने युद्ध विराम और बंधकों की रिहाई के लिए अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थों के एक ताजा प्रस्ताव को खारिज कर दिया है, वहीं इजराइल ने दोनों का आह्वान करने वाले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एक संकल्प पर नाराजगी जताई है। गाजा में छह महीने से युद्ध चल रहा है। दोनों ने ही सोमवार देर रात रक्तपात को रोकने के नवीनतम अंतरराष्ट्रीय प्रयासों को खारिज कर दिया। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि इजराइल हमास को खत्म करने और कई बंधकों की वापसी के अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है यदि वह दक्षिणी शहर रफाह में अपने जमीनी हमले का विस्तार करता है, जहां गाजा की आधी से अधिक आबादी ने शिविरों में शरण ले रखी है। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने हर्निया की सर्जरी से पहले एक टेलीविजन संबोधन के दौरान शीघ्र चुनाव के आह्वान को खारिज कर दिया और चेतावनी दी कि इस तरह के कदम से संघर्ष लंबा हो जाएगा और बंधकों की रिहाई के लिए चल रही बातचीत खतरे में पड़ जाएगी। गठबंधन के भीतर आंतरिक दरारों के बावजूद, नेतन्याहू ने भर्ती विवाद को संबोधित करने की सरकार की क्षमता पर भरोसा जताया, एक विभाजनकारी मामला जिसने व्यापक सामाजिक दोष रेखाओं को रेखांकित किया है। जैसे ही विरोध प्रदर्शन यरूशलेम की सड़कों की पृष्ठभूमि में बढ़ा, प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा सुनिश्चित करने और इजरायली जीवन की सुरक्षा में विफलताओं के लिए नेतन्याहू के नेतृत्व को दोषी ठहराया।

# अमेरिका में भाजपा समर्थकों ने 20 शहरों में निकाली कार रैली

वाशिंगटन। ओएफबीजेपी–यूएसए के अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने कहा, "भारतीय–अमेरिकी समुदाय मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा और राजग को 400 सीट से अधिक सीट पर जीतता देखने के लिए बेहद उत्साहित है।" उन्होंने कहा कि भारतीय अमेरिकी चाहते हैं कि राजग लोकसभा चुनाव में "अब की बार 400 पार" का लक्ष्य हासिल करे। अमेरिका में 'ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी' (ओएफबीजेपी–यूएसए) ने देश के 20 अलग–अलग शहरों में कार रैलियां निकालकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के प्रति अपनी समर्थन जताया और भारत के लोगों से आगामी आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 400 से ज्यादा सीट दिलाकर भारी बहुमत से विजयी बनाने का आग्रह किया। ओएफबीजेपी–यूएसए के अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने कहा, "भारतीय–अमेरिकी समुदाय मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा और राजग को 400 सीट से अधिक सीट पर जीतता देखने के लिए बेहद उत्साहित है।" उन्होंने कहा कि भारतीय अमेरिकी चाहते हैं कि राजग लोकसभा चुनाव में "अब की बार 400 पार" का लक्ष्य हासिल करे। उन्होंने कहा कि उन्होंने भारतीय–अमेरिकी प्रवासियों में ऐसा उत्साह कभी नहीं देखा। ओएफबीजेपी–यूएसए के राष्ट्रीय महासचिव वासुदेव पटेल ने कहा, "समुदाय ने ओएफबीजेपी द्वारा पूर्वी तट से पश्चिमी तट



और उत्तर से दक्षिण तक लगभग 20 शहरों में समन्वित रूप से आयोजित कार रैलियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया है।" अमेरिका की राजधानी और उसके आसपास के इलाकों में सिख समुदाय के लोगों ने भी प्रधानमंत्री मोदी के समर्थन में एक कार रैली निकाली। उन्होंने कहा कि भाजपा की जीत न केवल भारत के लिए, बल्कि दुनिया में भी शांति एवं स्थिरता लाने के लिए समय की मांग है।" कार रैली वाशिंगटन डीसी के मैरीलैंड उपनगर में आयोजित की गई। रैली में भाग लेने वाले लोग पहले गुरुद्वारे गए और फिर रैली स्थल पर आए। कारों को भाजपा के झंडों और अमेरिकी झंडों से सजाया गया था।

# जीत के बाद पंत ने लिखा इमोशनल पोस्ट, एमएस धोनी को लगाया गले

सीएसके के खिलाफ जीत के बाद ट्विटर पर उन्होंने लिखा, हर रोज मैदान पर उतरना मुझे बहुत ज्यादा खुशी दे रहा है। जिससे प्यार हो, वही करना लग्जरी है। हमेशा शुक्रगुजार रहना चाहिए। किसी भी चीज को कम नहीं आंकना चाहिए। सबने मिलकर दमदार प्रदर्शन किया। अपना सिर नीचे करके हमें अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते जाना चाहिए।



आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स और चेन्नई सुपर किंग्स मैच के बाद पूरे स्टेडियम का माहौल देखने लायक था। दरअसल, विशाखापट्टनम में दिल्ली कैपिटल्स की मेजबानी में खेले गए इस मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को 20 रनों से हार का सामना करना पड़ा, जो इस सीजन में उनकी पहली हार भी है। लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स की हार के बावजूद स्टेडियम में मौजूद हर सीएसके फैन खुशी से नाच रहा था इसकी वजह महेंद्र सिंह धोनी की बैटिंग थी। धोनी ने इस पारी के दौरान चार चौके और तीन छक्के लगाए। हालांकि, उनकी पारी भी चेन्नई को जीत नहीं दिला सकी। दिल्ली कप्तान ऋषभ पंत ने बहुत ही अच्छी विकेटकीपिंग के साथ कप्तानी भी की। साल 2022 के आखिर में एक्सिडेंट के बाद पंत आईपीएल 2023 में हिस्सा नहीं ले पाए थे और आईपीएल 2024 के साथ ही उन्होंने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की है। पंत ने इस दौरान 31 गेंदों में 51 रनों की बेहतरीन पारी खेली। पंत के लिए ये पारी बेहद अहम थी। आईपीएल 2024 के पहले दो मैचों में उनका बल्ला कुछ खास नहीं चला। पिछले मैच में रॉयल्सल के खिलाफ उन्होंने 26 गेंद में 28 रन बनाए। वहीं सीएसके के खिलाफ जीत के बाद ट्विटर पर उन्होंने लिखा, हर रोज मैदान पर उतरना मुझे बहुत ज्यादा खुशी दे रहा है। जिससे प्यार हो, वही करना लग्जरी है। हमेशा शुक्रगुजार रहना चाहिए। किसी भी चीज को कम नहीं आंकना चाहिए। सबने मिलकर दमदार प्रदर्शन किया। अपना सिर नीचे करके हमें अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते जाना चाहिए।

# आस्ट्रेलिया के पूर्व खिलाड़ी का बयान, कहा– अगर आप पंत से प्रेरित नहीं हो, तो आप सच्चे इंसान नहीं हो

शेन वाटसन का मानना है कि अगर ऋषभ पंत की भयावह सड़क दुर्घटना में चोटिल होने से लेकर अब एक हाथ से छक्के जड़ने की 15 महीने की यात्रा किसी को प्रेरित नहीं करती है तो वह संभवतरू सच्चा इंसान नहीं है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वाटसन का मानना है कि अगर ऋषभ पंत की भयावह सड़क दुर्घटना में चोटिल होने से लेकर अब एक हाथ से छक्के जड़ने की 15 महीने की यात्रा किसी को प्रेरित नहीं करती है तो वह संभवतरू सच्चा इंसान नहीं है। यह 26 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज दिसंबर 2022 में कार दुर्घटना में बुरी तरह घायल हो गया था और इस बार उन्होंने आईपीएल में शानदार वापसी की। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ रविवार को उन्होंने इस सत्र का पहला अर्धशतक जमाया। अपनी इस पारी के दौरान पंत ने चार चौके और तीन छक्के लगाए। इनमें से एक छक्का उन्होंने एक हाथ के सहारे लगाया। वाटसन ने जिओ सिनेमा से कहा,'' यह प्रेरणादायक रहा, इसमें कोई संदेह नहीं। वह जिस तरह की परिस्थितियों से गुजरे हैं उसे



देखते हुए उनकी इस तरह की बल्लेबाजी अविश्वसनीय है।'' उन्होंने कहा,''अगर आप ऋषभ पंत से प्रेरित नहीं हैं, तो फिर आप सच्चे इंसान नहीं हो। उन्हें क्रीज पर पांव जमाने में थोड़ा समय लगा लेकिन जब वह उस चरण से गुजर गए तो फिर उन्होंने ऋषभ पंत की शैली में शॉट खेले और यह वास्तव में असाधारण था।

# आईपीएल में अपना 200वां मैच खेलेंगे आर अश्विन, धोनी, रोहित–विराट वाले एलीट क्लब में होंगे शामिल


आर अश्विन मुंबई के खिलाफ मैदान पर उतरते ही अपना 200वां मैच खेलेंगे। और एमएस धोनी, विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों के ग्रुप में शामिल हो जाएंगे। इसके साथ ही अश्विन मुंबई और रॉयल्स मैच में उतरेंगे तो वे 10वें खिलाड़ी बना जाएंगे, जिन्होंने आईपीएल में 200 या इससे ज्यादा मैच खेले हैं। आईपीएल 2024 में घर पर अपने दोनों मैच जीतने वाली राजस्थान रॉयल्स टीम सोमवार यानी आज मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मेजबान मुंबई इंडियंस से भिड़ेगी। इस मैच में मैदान पर उतरते ही आर अश्विन अपने नाम बड़ी उपलब्धि हासिल कर लेंगे। जिससे वो दिग्गजों के एलीट लिस्ट में शामिल हो जाएंगे। दरअसल, अंक तालिका में जहां मुंबई की



टीम सबसे नीचे हैं वहीं रॉयल्स की टीम दो जीत के साथ तीसरे नंबर पर है। अभी तक मुंबई इंडियंस की टीम ने दो मैच खेले हैं जिसमें उसे हार झेलनी पड़ी है। इस बार मुंबई अपने घर में मैच खेलेगी जिसका फायदा उसे मिलेगा और वो पहली जीत दर्ज करना चाहेगी। वहीं राजस्थान रॉयल्स ने भी अभी तक दो मैच खेले हैं जिसमें उसे दोनों में ही जीत मिली है। इस बार भी वो मुंबई के खिलाफ अपनी जीत की लय को बरकरार रखना चाहेगी। 200वां आईपीएल मैच खेलेंगे आर अश्विन इसके साथ ही आर अश्विन मुंबई के खिलाफ मैदान पर उतरते ही अपना 200वां मैच खेलेंगे। और एमएस धोनी, विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों के ग्रुप में शामिल हो जाएंगे। अश्विन मुंबई और रॉयल्स मैच में उतरेंगे तो वे 10वें खिलाड़ी बना जाएंगे, जिन्होंने आईपीएल में 200 या इससे ज्यादा मैच खेले हैं। अश्विन ने 2009 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए अपना आईपीएल डेब्यू किया था। इस दौरान वो अबतक इस लीग में 199 मैच अलग–अलग फ्रेंचाइजी के लिए खेल चुके हैं। उन्होंने 743 रन आईपीए में बनाए हैं जबकि इन 199 मैचों में 172 विकेट भी अपने नाम किए हैं। अश्विन आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट झटकने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में पांचवें नंबर पर भी हैं। मौजूदा समय में वो राजस्थान रॉयल्स में हैं, जिसमें वो 2022 के मेगा ऑक्शन में जुड़े थे। इससे पहले वो डेक्कन, राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स, किंग्स इलेवन पंजाब और दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेल चुके हैं।

# बीसीसीआई करेगी आईपीएल टीम के मालिकों के साथ मुलाकात, इन बड़े मुद्दों पर हो सकती है चर्चा

बीसीसीआई अभी से अगले सीजन की तैयारियों में जुट गया है। बीसीसीआई ने 16 अप्रैल को सभी आईपीएल टीमों के मालिकों को अहमदाबाद आने का न्योता दिया है। जहां वो सभी टीमों के माालिकों के साथ मीटिंग कर अगले सीजन की तैयारियों का खाका खीचेंगे। इस मीटिंग में कई बिन्दुओं पर चर्चा होनी है, जिसमें मेगा ऑक्शन, रिटेंशन, राइट टू मैच कार्ड और सैलरी कैप जैसे। आईपीएल का 17वां सीजन जारी है, लेकिन बीसीसीआई अभी से अगले सीजन की तैयारियों में जुट गया है। बीसीसीआई ने 16 अप्रैल को सभी आईपीएल टीमों के मालिकों को अहमदाबाद आने का न्योता दिया है। जहां वो सभी टीमों के माालिकों के साथ मीटिंग कर अगले सीजन की तैयारियों का खाका खीचेंगे। इस मीटिंग में कई बिन्दुओं पर चर्चा होनी है, जिसमें मेगा ऑक्शन, रिटेंशन, राइट टू मैच कार्ड और सैलरी कैप जैसे। जिस दिन मीटिंग होगी, उस दिन



अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबला खेला जाएगा। दरअसल, क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, आईपीएल फ्रेंचाइजी के सभी दस मालिकों को निमंत्रण भेजा गया है। हालांकि, ये अनुमान लगाया गया है कि मालिकों के साथ उनके सीईओ और ऑपरेशनल टीमें भी आ सकती हैं। लेकिन बैठक में अहम मुद्दों को संबोधित करने की उम्मीद है। ये कथित तौर पर केवल मालिकों के लिए है। बैठक में बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी, सचिव जय शाह और आईपीएल अध्यक्ष अरुण सिंह धूमल शामिल होंगे। मीटिंग के संबंध में लेटर आईपीएल के सीईओ हेममांग अमीन ने भेजा है। आईपीएल के नए सीजन पर होगी चर्चा अमीन ने बैठक के लिए एजेंडा निर्दिष्ट नहीं किया है, लेकिन मीटिंग इनविटेशन की अचानक प्रकृति को देखते हुए, ये उम्मीद की जाती है कि बीसीसीआई कई नीतिगत निर्णयों पर ध्या देगा, मुख्य रूप से अगले साल होने वाले मेगा ऑक्शन से संबंधित है। मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने क्रिकबज को बताया कि, वे आईपीएल के लिए आगे की रणीति पर चर्चा करेंगे। इस मीटिंग का सबसे बड़ा मुद्दा रिटेंशन को लेकर होगा, क्योंकि अलग–अलग फ्रेंचाइजियों को मालिक अलग–अलग विचार इस पर रखते हैं। वहीं एक फ्रेंचाइजी कितनी खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती है, इसको लेकर कोई स्पष्ट सहमति नहीं बनी है। इसी पर बोर्ड समाधान निकालेगी। अभी तक चार खिलाड़ियों को रिटेन करनी की अनुमति थी, जिसमें ज्यादा से ज्यादा तीन भारतीय या दो विदेशी खिलाड़ी हो सकते हैं। आईपीएल की कुछ टीमों के मालिक चाहते हैं कि रिटेंशन की संख्या को बढ़ाया जाए। इसको लेकर टीमों का कहना है कि निरंतरता को बनाए रखने, ब्रांड और फैन बेस के कारण ज्यादा खिलाड़ियों को रिटेन करने की अनुमति मिलनी चाहिए। यहां तक की कुछ टीमों ने सजेक्ट किया है कि कम से कम 8 खिलाड़ियों को रिटेन करने का नियम होना चाहिए।

# मैच से पहले रायल्स के खिलाड़ियों ने की रोहित शर्मा से मुलाकात,

मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच मुकाबला खेला जाएगा। लेकिन उससे पहले दोनों टीमें नेट्स पर जमकर प्रैक्टिस कर रहे हैं। इस दौरान रॉयल्स के खिलाड़ियों ने रोहित शर्मा से मुलाकात की। हार्दिक पंड्या की कप्तानी



में खेलने वाली मुंबई की टीम अंक तालिका में मौजूदा समय में सबसे निचले पायदान पर है। जबकि राजस्थान रॉयल्स तीसरे नंबर पर है। सोमवार यानी 1 अप्रैल को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच मुकाबला खेला जाएगा। लेकिन उससे पहले दोनों टीमें नेट्स पर जमकर प्रैक्टिस कर रहे हैं। इस दौरान रॉयल्स के खिलाड़ियों ने रोहित शर्मा से मुलाकात की। हार्दिक पंड्या की कप्तानी में खेलने वाली मुंबई की टीम अंक तालिका में मौजूदा समय में सबसे निचले पायदान पर है। जबकि राजस्थान रॉयल्स तीसरे नंबर पर है। राजस्थान रॉयल्स ने अपने मुकाबले से पहले मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा से मुलाकात की। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। वीडियो में संजू सैमसन, आर अश्विन, युजवेंद्र चहल ने रोहित के साथ मुलाकात कर मस्ती की।

# 17 अप्रैल को होने वाला कोलकाता और रायल्स का मैच हो सकता है रिशेड्यूल, जानें कारण

कोलकाता के ईडन गार्डन्स मैदान पर कोलकाता नाइट राइडर्स वर्से राजस्थान रॉयल्स मैच खेला जाना है। हालांकि, कोलकाता में होने वाला ये मैच रिशेड्यूल हो सकता है। बीसीसीआई इस मैच को रिलोकेट कर सकता है या फिर इसको किसी और तारीख पर करा सकता है। इस बारे में फ्रेंचाइजी टीमों, स्टेट एसोसिएशन और ब्रॉडकास्टर्स को पहले ही सूचना दे दी गई है।

आईपीएल 2024 में 17 अप्रैल को कोलकाता के ईडन गार्डन्स मैदान पर कोलकाता नाइट राइडर्स वर्से राजस्थान रॉयल्स मैच खेला जाना है। हालांकि, कोलकाता में होने वाला ये मैच रिशेड्यूल हो सकता है।बीसीसीआई इस मैच को रिलोकेट कर सकता है या फिर इसको किसी और तारीख पर करा सकता है। इस बारे में फ्रेंचाइजी टीमों, स्टेट एसोसिएशन और ब्रॉडकास्टर्स को पहले ही सूचना दे दी गई है। क्रिकबज की खबर के मुताबिक इस पर बीसीसीआई जल्द ही आखिरी फैसला ले सकता है। दरअसल, रामनवमी के



चलते इस मैच को रिशेड्यूल या रिलोकेट किया जा सकता है। रामनवमी भारत में काफी धूम–धाम से मनाया जाता है और कोलकाता में अथॉरिटी इस दिन सिक्योरिटी मुहैया कराने को लेकर थोड़ा चिंतित है। इसके अलावा साथ में देश में लोक सभा चुनाव भी चल रहे होंगे, ऐसे में सभी पहलुओं को मद्देनजर रखते हुए, बीसीसीआई इस पर जल्द फैसला ले सकता है।बीसीसीआई इस मैच को कहीं और शिफ्ट करने की बजाय किसी और तारीख पर शिफ्ट करने की प्राथमिकता दे सकता है।

# आपकी भी जींस हो गई है पुरानी ? तो इस उपाय से करें पुरानी जींस को एकदम नए जैसा

पुरानी जींस को कई बार लोग या तो फेंक देते हैं या किसी को दे देते हैं. लेकिन यह बहुत कम लोग जानते हैं कि इसे आप वापस से नए जैसी बना सकते हैं. घर में रखी हर एक चीज का हम कहीं ना कहीं किसी भी काम में इस्तेमाल कर ही लेते हैं. चाहे वह चीज कितनी भी पुरानी क्यों ना हो, हम उसे एक नया मोड़ दे देते हैं. साथ हि हमारे पहने हुए कपड़े एक समय के बाद खराब होने लगते हैं या उनका रंग उड़ जाता है. खासकर जींस बेहद जल्दी पुरानी होने लगती है. ऐसे में कुछ लोग इसे फेंक देते हैं या किसी को दे देते हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं पुरानी जींस को भी नया किया जा सकता है? अगर नहीं तो हम आपको कुछ आसान टिप्स के बारे में बताएंगे जिन्हें फॉलो कर आप पुरानी जींस को नई जींस बना सकते हैं.

ऐसे करें नया

पुरानी जींस को नया बनाने के लिए सबसे पहले आपको



जींस की कलर पर ध्यान देना होगा अगर आपको डार्क ब्लैक जींस का कलर नया करना है तो सबसे पहले एक बर्तन में गर्म पानी डालें इसके बाद इसमें डाई कलर और आधा चम्मच नमक मिला लें. इसे अच्छी तरह से घोल लें.फिर पुरानी जींस को इस घोल में अच्छी तरह मिला ले जिससे कलर हर जगह लग जाए. जींस को घोल के अंदर कम से कम 30 मिनट तक रखना होगा. 30 मिनट बाद जींस को निकाल कर निचोड़ लें. फिर एक बार इसे साफ पानी से धोकर सूखने के लिए डाल दें. ध्यान रहे जब भी आप जींस को सुखाएं, तो धूप वाली जगह पर इसे ना सुखाएं. हमेशा छाव मे ही सुखाएं. ध्यान रहें जींस को कलर करते वक्त सावधानी से इन टिप्स को फॉलो करें.पैसो की होगी बचतइन उपायों को कर आप आसानी से अपनी पुरानी जींस को वापस से इस्तेमाल कर सकते हैं. साथ ही यह आपके पैसों को बचाने में भी काफी मदद करेगी. आप नई जींस लाने के बदले उसी पैसों से कोई दूसरे कपड़े खरीद सकते हैं. इससे आपकी बचत होने के साथ कपड़ों का कलेक्शन भी बढ़ेगा.

# क्या आप प्रेशर कुकर इस्तेमाल करने का सही तरीका जानती हैं, नहीं तो यहां जानें

प्रेशर कुकर हमारी रसोई का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिससे खाना जल्दी और आसानी से बन जाता है. लेकिन, क्या आप जानते हैं कि प्रेशर कुकर का इस्तेमाल करने का सही तरीका क्या है?सही साइज का चुनावरू अपनी जरूरत के अनुसार प्रेशर कुकर का साइज चुनें. छोटे परिवार के लिए छोटा कुकर और बड़े परिवार के लिए बड़ा कुकर उपयुक्त रहता है.

कुकर की सफाईरू कुकर का इस्तेमाल करने से पहले और बाद में उसे अच्छी तरह से साफ करें. सीटी और रबर गैस्केट की सफाई पर विशेष ध्यान दें.

पानी की सही मात्रारू कुकर में खाना पकाते समय पानी की सही मात्रा का इस्तेमाल करें. बहुत कम या ज्यादा पानी का इस्तेमाल खाने की गुणवत्ता पर असर डाल सकता है.

ढक्कन की जांचरू कुकर बंद करने से पहले ढक्कन के ठीक से बैठने की जांच करें. रबर गैस्केट को हर बार चेक करें कि वह कहीं से खराब तो नहीं है.

हीट रेगुलेशनरू कुकर में खाना पकाने के बाद, गैस की

आंच को मध्यम से कम कर दें. इससे खाना जलेगा नहीं और स्वादिष्ट बनेगा.

प्रेशर रिलीजरू खाना पक जाने के बाद, प्रेशर को धीरे–धीरे रिलीज करें. जबरदस्ती सीटी खोलने से बचें, क्योंकि यह खतरनाक हो सकता है.



# बड़े मियां छोटे मियां से खूंखार विलेन पृथ्वीराज सुकुमारन का लुक हुआ रिवील, अक्षय–टाइगर पर पड़ेंगा भारी

अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ स्टारर फिल्म बड़े मियां और छोटे मियां को लेकर फैंस काफी एक्साइडेट हैं. वहीं अब फैंस के एक्साइटमेंट को दोगुना बढ़ाने के लिए अब मेकर्स ने फिल्म से विलेन के लुक से पर्दा उठा दिया है. बता दें कि फिल्म में विलेन के किरदार को तेलुगु स्टार पृथ्वीराज सुकुमारन प्ले कर रहे हैं.फिल्म के नए पोस्टर्स को अक्षय कुमार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है, जिसमें पृथ्वीराज का खलनायक अवतार देखकर हर कोई जर जाए. वहीं पोस्टर्स के साथ पृथ्वीराज का वॉइस ओवर भी सुनाई देता है, जहां वह कहते हैं प्रलयम सर्वनाशम महाप्रलय... कहने का मतलब है कि प्रलय आने वाला है... इन पोस्टर्स को शेयर करते हुए अक्षय ने कैप्शन में लिखा कि ये शैतान है. ये बहुत खतरनाक है और इसका बस एक ही लक्ष्य है...बदला. चेहरे पर मास्क, हाथ में गन और काले कलर के ओवरकोट जैकेट पहने हुए इस खतरनाक विलेन का लुक अब चर्चा में बना हुआ है. फैंस इस नए विलेन पर जमकर प्यार बरसा रहे हैं. किसी एक यूजर ने कमेंट में लिखा कि मैं इस मूवी को लेकर बहुत एक्साइटेड हूं... तो किसी अन्य यूजर ने पृथ्वीराज को लीजेंड बताया. बता दें कि हाल ही में बड़े मियां छोटे मियां का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज हुआ है, जिसे दर्शकों की तरफ से काफी पॉजिटटिव रिस्पॉन्स मिला. ट्रेलर में अक्षय–टाइगर की जोड़ी जमकर धमाल मचाती हुई नजर आ रही है. दोनों साथ मिलकर दुश्मनों के छक्के छुड़ाते हुए दिखाई दे रहे हैं. लेकिन ट्रेलर के अंत में ये दोनों स्टार्स एक दूसरे के ही दुश्मन बन जाते हैं.अली अब्बास के डायरेक्शन में बनी ये फिल्म ईद के खास मौके पर यानी कि 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है. अक्षय और टाइगर के अलावा फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन, सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी



छिल्लर और अलाया एफ अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे. फैंस सिल्वर स्क्रीन पर टाइगर और अक्षय की जोड़ी को देखने के लिए बेताब हैं.

# सलमान खान ने किया करण जौहर की फिल्म द बुल से किनारा

बीते साल सलमान खान ने अपनी फिल्म टाइगर 3 के साथ बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया था तो इसके बाद से ही उनकी आगामी फिल्मों को लेकर सुगबुगाहट शुरू हो गई थी।इसी बीच सलमान और करण जौहर ने फिल्म द बुल के लिए 25 साल बाद हाथ मिला , जिससे प्रशंसक काफी उत्सुक हो गए।पहले जहां करण ने कुछ कारणों के चलते फिल्म को थोड़ा टाल दिया था तो अब सलमान ने ही इससे किनारा कर लिया है।

द बुल की शूटिंग पहले बीते साल नवंबर में शुरू होनी थी, लेकिन फिर इसे दिसंबर तक टाल दिया। इसके बाद जनवरी में शूटिंग की बात सामने आई तो मालदीव विवाद के चलते फिर से बात बिगड़ गई।फिर सलमान और करण के बीच पैसों को लेकर बात नहीं बनी तो निर्माता–निर्देशक ने अभिनेता से जुलाई तक का समय मांगा।अब खबरें हैं कि सलमान ने द बुल को छोड़ साजिद नाडियाडवाला की एक फिल्म करने का फैसला किया है।

रिपोर्ट के अनुसार, नाडियाडवाला, एआर मुरुगादॉस के साथ फिल्म बना रहे हैं, जो मई में ही शुरू हो जाएगी। दूसरी ओर, करण का विचार नवंबर तक द बुल की शूटिंग शुरू करने का है।सूत्र का कहना है कि शूटिंग की तारीखों में हो रहे फेरबदल से सलमान को परेशानी हो रही थी। करण और निर्देशक विष्णुवर्धन भी अभी तक सही समय तय नहीं कर पाए हैं।लिहाजा सलमान ने इस फिल्म से पीछे हटने का फैसला किया है।

सूत्र के मुताबिक, सलमान ने प्रोजेक्ट में लगातार हो रही देरी के लिए किस्मत को जिम्मेदार ठहराया है। अभिनेता ने यह कहते हुए इनकार किया कि नियती नहीं चाहती कि यह फिल्म बने तो चलिए आगे बढ़ते हैं।करण सलमान की बात को समझते हैं, क्योंकि 1 साल से ज्यादा समय से तारीखों पर चर्चा करके वे नतीजे पर नहीं पहुंचे।निर्माता फिल्म के लिए एक और कोशिश कर सकते हैं, लेकिन फिलहाल सलमान ने इससे दूरी बना ली है।

कहा जा रहा है कि अगर करण फिल्म की शूटिंग कब शुरू होगी, इसकी सही जानकारी कागज पर देंगे तो शायद सलमान वापस इसका हिस्सा बन सकते हैं। इसके अलावा करण, सलमान के साथ किसी नए प्रोजेक्ट को करने की तलाश में भी जुट गए हैं।मालूम हो कि द बुल की कहानी ऑपरेशन कैक्टस पर आधारित है, जिसमें 1988 में मालदीव तख्तापलट की कोशिश हुई थी। इसमें सलमान भारतीय सेना के ब्रिगेडियर फारुख बलसारा की भूमिका निभाने वाले थे।

सलमान अब यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की फिल्म टाइगर वर्सेस पठान में शाहरुख खान के साथ नजर आएंगे। फिल्म में दोनों सितारे आमने–सामने होंगे, जिसे देखना दिलचस्प होगा। इसके अलावा मुरुगादॉस और नाडियाडवाला के साथ उनकी फिल्म 2025 में रिलीज होगी।करण की हाल ही में योद्धा और ऐ वतन मेरे वतन



आई थी और अब 15 अप्रैल को फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही आएगी। उधर, फिल्म किल और आलिया भट्ट के साथ उनकी फिल्म जिगरा कतार में है।

# एयरहोस्टेस बन करीना–कृति–तब्बू ने किया वर्ल्डवाइड बॉक्स आफिस पर कब्जा, दो दिन में क्रू ने की धांसू कमाई

करीना कपूर, कृति सेनन और तब्बू स्टारर फिल्म क्रू दुनिया भर में ताबड़तोड़ कलेक्शन कर रही है. फिल्म 29 मार्च, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है और दर्शकों को काफी पसंद आ रही है. क्रू ना सिर्फ घरेलू बॉक्स ऑफिस पर बल्कि वर्ल्डवाइड भी धुआंधार कारोबार कर रही है. महज दो दिनों में फिल्म ने 40 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन किया है.

क्रू की प्रोड्यूसर एकता कपूर ने अपने सोशल मीडिया पर फिल्म का वर्ल्डवाइड कलेक्शन शेयर किया है. जिसके मुताबिक क्रू ने पहले दिन दुनिया भर में 20.07 करोड़ रुपए कमाए थे तो वहीं दूसरे दिन 21.06 करोड़ रुपए का बिजनेस किया है. यानी वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर फिल्म के दो दिनों का कुल कलेक्शन 41.13 करोड़ रुपए हो गया है.

घरेलू बॉक्स ऑफिस पर भी क्रू को ऑडियंस का भरपूर प्यार



मिल रहा है. यही वजह है कि फिल्म ने दो दिनों में 18.85 करोड़ रुपए की कमाई की है. राजेश कृष्णन के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म को बालाजी टेलीफिल्म्स, एकेएफसी और कम्युनिकेशन नेटवर्क प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले अनिल कपूर, शोभा कपूर, एकता कपूर और रिया कपूर ने प्रोड्यूस किया है.

फिल्म में करीना कपूर, कृति सेनन और तब्बू लीड रोल में हैं तो वहीं कपिल शर्मा, दिलजीत दोसांझ और खेसारी लाल यादव का भी अहम किरदार है.

करीना कपूर, कृति सेनन और तब्बू ने क्रू में एयरहोस्टेस का किरदार निभाया है. ऐसी एयरहोस्टेसेस जो अपनी मिडल क्लास लाइफ से परेशान हैं और जल्दी से जल्दी अमीर होने के ख्वाब देख रही हैं.

लेकिन उनकी ये उम्मीद पूरी होती दिखाई नहीं दे रही और तभी उनके हाथ लगते हैं सोने के बिस्किट, जो उनकी जिंदगी ही बदल देते हैं.

## मानुषी छिल्लर ने ब्लैक आउटफिट में ढाया कहर, तस्वीरें देखकर फैंस हुए मदहोश

मिस वर्ल्ड 2017 मानुषी छिल्लर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और आए दिन अपनी हॉट और ग्लैमरस तस्वीरें शेयर करती रहती हैं. हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वे



ब्लैक आउटफिट में नजर आ रही हैं. इन तस्वीरों में मानुषी ने ब्लैक कलर की बॉडीकॉन ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वे बेहद खूबसूरत लग रही हैं. उन्होंने अपने बालों को खुला रखा है और लाइट मेकअप किया है. तस्वीरों में उनका पोजिंग स्टाइल भी काफी कातिलाना है.मानुषी की इन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया जा रहा है. इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग लुक देखकर फैंस मदहोश हो गए हैं।


साथ ही उनके लुक्स की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।पूर्व मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर अपने लुक्स से फैंस का अटेंशन अपनी ओर खींचना बखूबी जानती हैं।

वहीं उनकी कातिलाना अदाएं देखकर फैंस भी अक्सर मदहोश हो जाते हैं।मानुषी छिल्लर जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनके लुक्स पर अपना दिल हार जाते हैं।हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।

एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर को ये फोटोज पोस्ट हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक हजारों में लाइक्स आ गए हैं। फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर कमेंट्स कर रहे हैं और उनकी हॉटनेस की तारीफ कर रहे हैं. मानुषी छिल्लर जल्द ही अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में नजर आएंगे.

## पटना शुक्ला को मिली प्रतिक्रिया से अनुष्का कौशिक अभिभूत

रवीना टंडन द्वारा निर्देशित पटना शुक्ला में रिंकी कुमारी की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री अनुष्का कौशिक ने कहा कि फिल्म के लिए उन्हें जो प्रतिक्रिया मिल रही है, उससे वह अपनी आगामी परियोजनाओं में और भी बेहतर प्रदर्शन करने की भावना से



उत्साहित हैं।अनुष्का, जो क्रैश कोर्स, घर वापसी और लस्ट स्टोरीज जैसी परियोजनाओं में अपने काम के लिए भी जानी जाती हैं, ने कहारू पटना शुक्ला कई कारणों से एक बेहद खास फिल्म रही है, न केवल इसने उत्साह बढ़ाया है मुझे अपनी बहुमुखी प्रतिभा का एक नया पहलू पेश करना है, लेकिन मुझे व्यवसाय के कुछ सबसे अद्भुत लोगों के साथ काम करने का अवसर भी मिला। अभिनेत्री ने आगे कहा, हालांकि, जो चीज इसे सबसे खास बनाती है वह है इसकी कहानी, विषय की गंभीरता ने मुझे प्रभावित किया और मुझे खुशी है कि इसने दर्शकों को भी प्रभावित किया है। फिल्म और विशेष रूप से मेरे प्रदर्शन को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया अवास्तविक है।

# वीकेंड पर आडु जीवितम द गोट लाइफ ने बटोरे खूब नोट! तीन दिन में 20 करोड़ के पार हुआ कलेक्शन



पृथ्वीराज सुकुमारन स्टारर फिल्म आडु जीवितमरू द गोट लाइफ 28 मार्च, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है. फिल्म ऑडियंस को पसंद आ रही है और बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कारोबार भी कर रही है. सच्ची घटनाओं पर आधारित ये फिल्म रिलीज के तीन दिनों में ही 20 करोड़ से ज्यादा का बिजनेस कर चुकी है.सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक आडु जीवितमरू द गोट लाइफ ने पहले दिन 7.6 करोड़ की ओपनिंग ली थी. दूसरे दिन फिल्म ने 6.25 करोड़ रुपए कमाए. तीसरे दिन फिल्म की कमाई में बढ़ोतरी हुई और इसने 7.75 करोड़ का कारोबार किया. इसी के साथ घरेलू बॉक्स ऑफिस पर आडु जीवितमरू द गोट लाइफ ने तीन दिनों में कुल 21.6 करोड़ रुपए का शानदार कलेक्शन किया है.आडु जीवितमरू द गोट लाइफ को दुनिया भर में सराहा जा रहा है. फिल्म वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा परफॉर्म कर रही है. यही वजह है कि महज दो दिनों में फिल्म ने वर्ल्डवाइड 30.50 करोड़ रुपए की दमदार कमाई की है. आडु जीवितम द गोट लाइफ एक मलयालम फिल्म है जिसे कन्नड़, तमिल, तेलुगु और हिंदी में भी रिलीज किया गया है. आडु जीवितम द गोट लाइफ की कहानी की बात करें तो ये इसी नाम के नॉवेल पर बेस्ड है जिसके राइटर बेन्यामिन हैं. इसमें एक भारतीय प्रवासी कामगार नजीब मुहम्मद की कहानी दिखाई गई है. नजीब, जो पैसे कमाने के लिए सऊदी अरब जाता है, लेकिन वह खुद को रेगिस्तान के बीच में बकरियां चराते हुए एक गुलाम की तरह जिंदगी गुजारता हुआ पाता है.

# थिएटर के बाद अब ओटीटी पर खौफ फैलाएगा शैतान, 3 मई को ओटीटी नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी ?

हॉरर थ्रिलर फिल्म शैतान बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त प्रदर्शन कर रही है, फिल्म को दर्शकों के साथ–साथ क्रिटिक्स से भी खूब सराहना मिल रही है. यह फिल्म 8 मार्च, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था,तबसे लेकर अब तक यह इस साल की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक बनी हुई है. थिएटर में खौफ फैलाने के बाद फिल्म शैतान अब ओटीटी पर खौफ फैलाने की पूरी तरह तैयार है. आइए जानते हैं शैतान कब और किस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली है.आपको बता दें, फिल्म





शैतान गुजराती फिल्म वाश का हिंदी रीमेक है, जिसका डायरेक्शन कृष्णदेव याग्निक ने किया था, वहीं हिंदी में इसका डायरेक्शन प्रदीप कृष्णमूर्ति ने किया है. फिल्म की कहानी के साथ–साथ इसके किरदारों को भी काफी सराहना मिली है. जानकारी के मुताबिक,अजय देवगन, माधवन स्टारर फिल्म शैतान 3 मई को ओटीटी नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी. नेटफ्लिक्स ने पहले ही इसके राइट्स खरीद लिए हैं. गौरतलब है कि शैतान करीब एक महीने से सिनेमाघरों में है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो फिल्म भारत समेत दुनिया भर में अच्छा कलेक्शन कर रही है. रिपोर्ट्स की मानें तो शैतान जल्द ही दुनिया भर में 200 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लेगी. फिलहाल शैतान साल 2024 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक बन गई है. दर्शकों के पॉजिटिव रिस्पॉन्स से फिल्म को काफी फायदा हुआ, जिसका असर फिल्म की कमाई में साफ नजर आ रहा है.

# फिल्म अश्वत्थामा का हुआ ऐलान, शाहिद कपूर ने ली विक्की कौशल की जगह

शाहिद कपूर आखिरी बार फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में नजर आए थे। इस रोम–कॉम ड्रामा में शाहिद ने कृति सेनन के साथ बड़े पर्दे पर रोमांस फरमाया था। इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड 100 करोड़ से ज्यादा का कारोबार किया है। वहीं इस फिल्म के बाद अब एक्टर एक और बड़ी फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसमें पहले विक्की कौशल दिखाई देने वाले थे। हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं वो है अश्वत्थामा। शाहिद कपूर आखिरी बार फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में नजर आए थे। इस रोम–कॉम ड्रामा में शाहिद ने कृति सेनन के साथ बड़े पर्दे पर रोमांस फरमाया था। इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड 100 करोड़ से ज्यादा का कारोबार किया है। वहीं इस फिल्म के बाद अब एक्टर एक और बड़ी फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसमें पहले विक्की कौशल दिखाई देने वाले थे। हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं वो है अश्वत्थामा। शाहिद कपूर के वर्क फ्रंट की बात करे तो वो अश्वत्थामा के अलावा देवा में नजर आएंगे। रोशन एंड्रयूज के निर्देशन में बन रही देवा में शाहिद कपूर पहली बार साउथ की हसीना पूजा हेगड़े के साथ दिखेंगे। इस फिल्म में एक्टर का एक्शन अवतार देखने को मिलेगा। फिल्म में कुब्रा सैत की भी अहम भूमिका है। मूवी एक एक्शन थ्रिलर है। फिल्म इसी साल



